लोकसभा अध्यक्ष ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

...

नई दिल्ली; 20 अप्रैल, 2024: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है,

"समस्त संसार को अहिंसा, दया, क्षमा और करुणा का संदेश देने वाले, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

हजारों साल पहले भगवान महावीर स्वामी जी ने जो शिक्षाएं दी थी,वो आज भी प्रासंगिक हैं।

व्यक्ति और समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम भगवान महावीर के विचारों ने किया है।

आज दुनिया में जितनी भी समस्याएं हैं, उनका समाधान भगवान महावीर के संदेशों में मिलता है।उन्होंने शांति, अहिंसा और परोपकार का संदेश दिया। हर एक जीव के प्रति प्रेम और दया का संदेश दिया।

भगवान महावीर के सिद्धांत भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र को भी सशक्त बनाते हैं। ये हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सिद्धांतों और शिक्षाओं को जानें, हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। इसी संदेश के साथ आपको पुनः शुभकामनाएं।

जय जिनेन्द्र।"